संक्षिप्त

हिमांशु व आशुतोष ने आरएएस 2024 में सफलता हासिल की

पावटा। राजस्थान प्रशासनिक सेवा परीक्षा 2024 में जिले के दो युवा प्रतियोगियों ने प्रदेश में अपना नाम रोशन किया है। भोमाराम राठी के सुपौत्र एवं बद्री प्रसाद जाट के सुपुत्र हिमांशु राठी ने परीक्षा में 541वीं रैंक हासिल कर अपनी कड़ी मेहनत का फल पाया। हिमांशु राठी आईआईटी दिल्ली के पूर्व छात्र हैं और भौतिकी विषय में मास्टर्स की डिग्री प्राप्त कर चुके हैं। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपने पिता के मार्गदर्शन और माता सरोज देवी के सहयोग को दिया। उनके चयन पर परिवारजनों एवं क्षेत्रवासियों ने गहरी प्रसन्नता व्यक्त की।

स्कूल समय में कटौती की मांग

दौसा। प्रदेश में बढ़ती गर्मी और भीषण लू (हीट वेव) के चलते छात्रों के स्वास्थ्य को लेकर चिंताएं बढ़ गई हैं। इसे देखते हुए आरपीएससी शिक्षक फोरम ने शिक्षा मंत्री को पत्र लिखकर सरकारी विद्यालयों के समय में तत्काल परिवर्तन करने की पुरजोर मांग की है। जिला अध्यक्ष प्रहलाद फाटक्या और जिला संयोजक कैलाश शर्मा ने बताया कि वर्तमान में शिविरा पंचांग के अनुसार स्कूल सुबह 7:30 से दोपहर 1:00 बजे तक संचालित हो रहे हैं। दोपहर की चिलचिलाती धूप और लू के कारण बच्चों के बीमार होने और सन स्ट्रोक का खतरा बना हुआ है। फोरम ने चिंता जताई कि अधिकांश सरकारी विद्यालयों में भीषण गर्मी से बचाव के पर्याप्त साधन उपलब्ध नहीं हैं।फोरम के वरिष्ठ उपाध्यक्ष कालूराम मालपुरिया ने मांग की है कि छात्र हितों को ध्यान में रखते हुए विद्यालय का समय घटाकर सुबह 7:30 से 10:00 बजे तक किया जाए। उन्होंने कहा कि समय रहते बदलाव करने से छोटे बच्चों को लू की चपेट में आने से बचाया जा सकता है।

भजन संध्या आज

मनोहरपूर । क्षेत्र के ढाणी खेमावाली स्थित सत्यवादी श्री हीरामन महाराज के मंदिर में आज 22 अप्रैल को धार्मिक कार्यक्रमों की धूम रहेगी। मंदिर परिसर में भजन संध्या, मेला और प्रसादी का विशेष आयोजन किया जा रहा है।आयोजन समिति के अनुसार, आज मंदिर में विराजमान श्री हीरामन महाराज का भव्य श्रृंगार किया गया है। इसके साथ ही भगवान शिवजी, श्री देवनारायण जी और कालश देव आदि प्रतिमाओं को भी रंग-बिरंगे फूलों से अलौकिक रूप में सजाया जाएगा। पूरे मंदिर परिसर को आकर्षक रोशनी से जगमगाया गया है।मनोज मिश्रा एंड म्यूजिक पार्टी द्वारा भजनों की शानदार प्रस्तुति दी जाएगी, जिसमें कलाकार बाबा को रिझाएंगे।बुधवार (22 अप्रैल) दोपहर 12:00 बजे से: श्री हीरामन जी के कई दर्जनों गुरु, (गोठिया) और संतगण मंदिर में पधारेंगे।रतन फौजी एण्ड पार्टी नारायण द्वारा भव्य सत्संग (बनेहड़ा) की प्रस्तुति दी जाएगी।इस भव्य आयोजन की जानकारी मंदिर संचालक कैलाश चंद खोस्या द्वारा दी गई है।

लोकार्पण समारोह 24 को

निवाई। श्री शांतिनाथ दिगम्बर जैन अग्रवाल मंदिर में आचार्य इन्द्रनन्दी महाराज संघ के सानिध्य में बेंक्वेट हाल का लोकार्पण समारोह 24 अप्रैल को कई धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ आयोजित किया जाएगा। जैन समाज के प्रवक्ता सुनील भाणजा व विमल जौंला ने बताया कि सकल दिगम्बर जैन समाज के तत्वावधान में बैंक्वेट हॉल के लोकार्पण समारोह की पूर्व संध्या पर गुरूवार को सांयकाल 7 बजे से रविन्द्र एण्ड पार्टी द्वारा संगीतमय भक्तामर दीपार्चना पाठ अनुष्ठान का आयोजन किया जाएगा। हितेश छाबडा एवं राकेश संघी ने बताया कि 24 अप्रैल को सुबह ध्वजारोहण, अभिषेक, शांतिधारा, देवआज्ञा, गुरु आज्ञा, आचार्य निमंत्रण, सकलीकरण, वास्तु विधान, हवन व आहार चर्या के साथ शान्ति मण्डल विधान का आयोजन किया जाएगा।

हत्या का आरोपी गिरफ्तार

निवाई। पुलिस ने निवाई थाना क्षेत्र के गांव भांवता की खेड़ा की ढाणी में 18 अप्रेल को हत्या के दर्ज प्रकरण में आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। थानाधिकारी घासीराम मीणा ने बताया कि मृतक के पुत्र प्रेमचन्द बैरवा निवासी खेड़ा की ढाणी भांवता ने पुलिस थाने में मामला दर्ज करवाया था कि 17 अप्रेल को आरोपी कजोड बैरवा के रिश्तेदार उनसे मिलने के लिए आया था। उसने रात में उसके भाई नेमीचन्द की पत्नी के साथ गाली गलौच कर दी थी।

कलश यात्रा के साथ नौ दिवसीय रामकथा का शुभारंभ

पावटा। कस्बे के प्राचीन गोपाल भैया मंदिर में मंदिर महंत मोहनदास रामायणी महाराज के सान्निध्य एवं कथावाचक बाबूराम दास महाराज घाटीधाम, रतिराम दास महाराज खेड़ा धाम नारहेडा, कृष्णदास महाराज नृसिंह धाम निमोद, हरिदास महाराज टीलाजी धाम खेलना सहित साधु संतों की उपस्थिति में भव्य कलश यात्रा के साथ नौ दिवसीय श्री रामकथा का शुभारंभ बड़े ही धार्मिक उत्साह और श्रद्धा के साथ हुआ। आयोजन के प्रथम दिन पावटा कस्बा सुभाष चौक स्थित केशव सागर धर्मशाला से बड़ी संख्या में 1100 महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा में सिर पर कलश धारण कर नगर के प्रमुख मार्गों से शोभायात्रा निकाली, जिससे पूरा क्षेत्र भक्तिमय माहौल में रंग गया।

यात्रा में महिलाओं के साथ-साथ पुरुष, बच्चे और बुजुर्ग भी बड़ी संख्या में शामिल हुए। रास्तेभर श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीराम के जयकारों और भजन-कीर्तन से वातावरण को गुंजायमान बनाए रखा।

जगह-जगह ड्रोन द्वारा पुष्पवर्षा कर यात्रा का स्वागत किया गया। इसके पश्चात कथा स्थल पर प्रथम दिन कथावाचक बाबूराम दास महाराज घाटीधाम द्वारा श्री रामकथा का वाचन हुआ, जिसमें कथावाचक ने भगवान श्रीराम के जीवन चरित्र और उनके आदर्शों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि श्रीराम का जीवन हमें सत्य, मर्यादा और कर्तव्य पालन की प्रेरणा देता है।

पावटा कस्बा सुभाष चौक स्थित केशव सागर धर्मशाला से महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा में शोभायात्रा निकाली।

- श्रीराम का जीवन हमें सत्य, मर्यादा और कर्तव्य पालन की प्रेरणा देता है : बाबूराम दास

आयोजकों ने बताया कि यह नौ दिवसीय कथा प्रतिदिन श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहेगी और इसमें विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जाएगा। प्रथम दिन ही बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति ने आयोजन की सफलता का संकेत दे दिया। पूरे आयोजन के दौरान प्रशासनिक व्यवस्थाएं भी चुस्त नजर आईं, जिससे श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा का सामना नहीं करना पड़ा।

इस दौरान वरिष्ठ दौलतराम अग्रवाल, भाजपा नेता जगन चौधरी, पूर्व चेयरमैन निर्मल पंसारी, जगदीश मीणा पूर्व सरपंच प्रतिनिधि गोपाल अग्रवाल, उमाकांत बंसल, योगेश शर्मा, रामोतार टेपण, मीना मित्तल, भागीरथ मुनीम, रोहिताश यादव, संजय गौड, विनीत गौड, सांवरमल बोहरा, रामशरण बोहरा, विकास पुजारी, दीपक पटेल, नितिन मुद्गल, प्रहलाद सैन, गोपाल पटेल, पूर्व पार्षद राजू शर्मा, धर्मेंद्र बटवाल, अमित बटवाल, अरविंद गर्ग, राहुल भांजा, शुभम टीलावत , राघव टीलावत, सुभाष टीलावत, राजू सिसोदिया, रमेश सिसोदिया, मानसिंह सिसोदिया सहित बड़ी संख्या में महिला व पुरुष श्रद्धालु मौजूद रहे।

शक्ति दिवस आयोजित

टोंक। अनिमिया मुक्त राजस्थान कार्यक्रम के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु शक्ति दिवस आयोजित किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ0 शैलेंद्र सिंह चौधरी ने बताया कि अनीमिया मुक्त राजस्थान कार्यक्रम के अंतर्गत बच्चों, किशोर-किशोरियो, प्रजनन उम्र की महिलाओं, गर्भवती महिलाओं तथा धात्री माताओं में अनीमिया की दर को कम करने हेतु जिलें में माह के प्रत्येक मंगलवार को "शक्ति दिवस" के रूप में मनाया जाता है। डॉ0 चौधरी ने बताया कि प्रत्येक आंगनवाडी केन्द्रो, उप स्वास्थ्य केन्द्रो, पीएचसी, सीएचसी व राजकीय चिकित्सा संस्थानो पर शक्ति दिवस आयोजित किया गया। इसका मुख्य उद्देश्य समुदाय व लाभार्थियों में अनीमिया नियत्रण हेतु स्क्रीनिंग, हिमोग्लोबीन की जांच उपचार तथा अनीमिया के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। डॉ. चौधरी ने बताया कि उक्त दिवस पर अनीमिया से संबंधित गतिविधियां आयोजित की गई।

कार्यकर्ता सम्मेलन की तैयारियों को लेकर भाजपा की बैठक

निवाई। भारतीय जनता पार्टी द्वारा 27 अप्रैल को टोंक में आयोजित जिला कार्यालय उद्घाटन एवं विशाल कार्यकर्ता सम्मेलन की तैयारियों को लेकर शहर अध्यक्ष नितिन छाबडा की अध्यक्षता में श्यामा प्रसाद मुखर्जी सामुदायिक भवन में बैठक आयोजित हुई। भाजपा जिला मंत्री एवं शहर प्रभारी नीलिमासिंह अमेरा ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि यह सम्मेलन संगठन की शक्ति दिखाने का अवसर है।

उन्होंने बताया कि सम्मेलन में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड सहित कई जनप्रतिनिधि भाग लेंगे। उन्होंने आ ान किया कि निवाई शहर से प्रत्येक बूथ से अधिक से अधिक कार्यकर्ता टोंक पहुँचें। शहर मंत्री जीतू विजय ने बताया कि बैठक में सम्मेलन की तैयारियों को रणनीति तैयार की गई है एवं कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारियां सौंपी गई। इस अवसर पर शहर अध्यक्ष नितिन जैन छाबड़ा, महामंत्री वंशप्रदीप पारीक, उपाध्यक्ष किशन चैधरी, शंकर पडियार, मंत्री जीतेन्द्र विजय, रामकेश मीणा, शंकरलाल सैनी, रामविलास बलाई, पार्षद बाबूलाल सैनी, नरेश कसाना, सुरेश राजवंशी, जगदीश बैरवा, अविनाश पारीक, राकेश खारोल, बूथ अध्यक्ष कालू सिन्धी व घनश्याम सैनी सहित पार्टी के कई पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद थे।

कार्यकर्ता सम्मेलन की तैयारियों को लेकर शहर अध्यक्ष नितिन छाबडा की अध्यक्षता में बैठक आयोजित हुई।

पोषण पखवाड़ा के तहत व्यंजनों का प्रदर्शन

टोंक। केंद्र सरकार द्वारा आयोजित पोषण पखवाड़ा (9 से 23 अप्रैल) के तहत विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्रों पर पोषण मेलों का आयोजन किया गया। इन मेलों का उद्देश्य ग्रामीणों को बेहतर स्वास्थ्य और खान-पान के प्रति जागरूक करना था। कार्यवाहक सीडीपीओ सुरजीत कौर ने बताया कि 15 दिवसीय श्पोषण पखवाड़ाश अभियान का मुख्य लक्ष्य इसे एक जन आंदोलन बनाना है। इसके माध्यम से समाज में पोषण के प्रति व्यवहारिक बदलाव लाने का प्रयास किया जा रहा है। इस अभियान के प्रमुख उद्देश्यों में बच्चों में बौनापन (स्टंटिंग) और कम वजन (अंडरवेट) की समस्या को दूर करना शामिल है। साथ ही, महिलाओं में एनीमिया के स्तर को कम करना भी इसका एक महत्वपूर्ण लक्ष्य है। मेलों में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने स्थानीय स्तर पर उपलब्ध सस्ते और पौष्टिक खाद्य पदार्थों की प्रदर्शनी लगाई।

जिला कलेक्टर ने की स्वास्थ्य योजनाओं की प्रगति की समीक्षा

खैरथल। जिला कलेक्टर अतुल प्रकाश की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक जिला सचिवालय खैरथल-तिजारा में आयोजित हुई। बैठक में जिले में संचालित विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं, कार्यक्रमों एवं निर्माणाधीन स्वास्थ्य ढांचे की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई तथा अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

- 'अधिकारियों को कलेक्टर ने दिए निर्देश, प्रत्येक 15 दिन में निरीक्षण कर कार्यों को समय पर पूर्ण कराए'

बैठक में जिला कलेक्टर ने निर्माणाधीन स्वास्थ्य भवनों की प्रगति की भी समीक्षा की गई। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक 15 दिन में नियमित निरीक्षण कर कार्यों को समय पर एवं नियमानुसार पूर्ण कराया जाए। इसके अलावा 'लाड़ो योजना' के तहत सभी पात्र लाभार्थियों को समय पर किश्तों का लाभ दिलाने, 'मां योजना' में बुक क्लेम बढ़ाने, यूडीआईडी कार्ड वितरण तथा आयुष्मान कार्ड वितरण की प्रगति तेज करने के निर्देश दिए गए। टीबी मुक्त ग्राम अभियान को व्यापक स्तर पर संचालित कर जिले को टीबी मुक्त बनाने पर भी जोर दिया।

जिला कलेक्टर ने सभी चिकित्सा अधिकारियों को निर्देशित किया कि मरीजों को आवश्यकता अनुसार सभी जांचें समय पर करवाई जाएं और अस्पतालों में उपलब्ध सरकारी दवाइयां नि:शुल्क उपलब्ध कराई जाएं, ताकि आमजन को बेहतर उपचार मिल सके।

जिला कलेक्टर में हिट एक्शन प्लान के बारे में जानकारी प्राप्त की जिस पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि गर्मी के मौसम को देखते हुए लू-तापघात से बचाव के लिए जिला मुख्यालय एवं सभी खंड मुख्यालयों पर कंट्रोल रूम स्थापित कर दिए गए हैं। जिला स्तर से लेकर सीएचसी एवं पीएचसी तक रैपिड रिस्पॉन्स टीम का गठन किया गया है। जिला अस्पताल, उप जिला अस्पताल और अन्य स्वास्थ्य केंद्रों पर लू-तापघात के मरीजों के लिए बेड एवं कूलर की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है।

बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अरविंद गेट सहित बीसीएमओ, पीएमओ, सीएचसी प्रभारी एवं अन्य चिकित्सा अधिकारी उपस्थित रहे।

जिला स्वास्थ्य समिति की समीक्षा बैठक लेते जिला कलेक्टर अतुल प्रकाश व उपस्थित अधिकारी।

'सभी संस्थान सामाजिक अंकेक्षण प्रकरणों का त्वरित निस्तारण करें'

भरतपुर। संभागीय आयुक्त नलिनी कठोतिया की अध्यक्षता में डीसी सभागार में पंचायतीराज एवं स्थानीय निकायों में सामाजिक अंकेक्षण से संबंधित प्रकरणों की अनुपालना तथा लंबित मामलों के प्रभावी निस्तारण के उद्देश्य से बैठक आयोजित की गई। सामाजिक लेखा परीक्षा जवाबदेही एवं पारदर्शिता सोसायटी मुख्यालय जयपुर के निदेशक सावरमल वर्मा द्वारा विभिन्न सामाजिक अंकेक्षण योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की।

संभागीय आयुक्त ने समीक्षा के दौरान सामाजिक अंकेक्षण से संबंधित लंबित प्रकरणों की स्थिति का गहन विश्लेषण करते हुए उनके त्वरित निस्तारण हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी लंबित मामलों को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र निस्तारित किया जाए तथा प्रगति की नियमित समीक्षा सुनिश्चित की जाए।

निदेशक वर्मा ने कहा कि संबंधित अधिकारी सामाजिक अंकेक्षण प्रक्रिया में पारदर्शिता एवं जवाबदेही सुनिश्चित करते हुए समयबद्ध कार्यवाही करें। उन्होंने योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु सामाजिक अंकेक्षण को एक सशक्त एवं अनिवार्य प्रक्रिया के रूप में अपनाने पर बल दिया, जिससे जनहित एवं जनकल्याण सुनिश्चित हो सके।

- संभागीय आयुक्त ने समीक्षा बैठक ली

समिति ने जोर दिया कि सामाजिक अंकेक्षण के माध्यम से प्राप्त निष्कर्षों को गंभीरता से लेते हुए सुधारात्मक कार्यवाही की जाए, ताकि योजनाओं में पारदर्शिता, गुणवत्ता एवं प्रभावशीलता बनी रहे। अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे निर्धारित समय-सीमा में सभी कार्य पूर्ण कर अपनी प्रगति रिपोर्ट अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करें।

अतिरिक्त संभागीय आयुक्त नीलिमा तक्षक ने सभी उपस्थित अधिकारियों एवं प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए संभाग में पंचायतीराज संस्थाओं एवं स्थानीय निकायों के प्रकरणों के की पालना रिपोर्ट समय पर भिजवाने के निर्देश दिए।

बैठक में जिला कलक्टर कमर चौधरी, जिला परिषद सीईओ मृदुलसिंह, संभाग के सभी जिलों के जिला कलक्टर (समन्वयक मनरेगा), मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद तथा संबंधित विभागों के अधिकारियों ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से भाग लिया।

इलेक्ट्रोनिक्स गोदाम में आग लगने से लाखों का सामान जलकर राख

टोंक। मुख्यालय के कोतवाली क्षेत्र में घंटाघर के पास सुभाष बाजार स्थित एक इलेक्ट्रॉनिक दुकान के गोदाम में सोमवार मध्यरात्रि को आग लग जाने से हादसे में 50 लाख रुपए से ज्यादा का इलेक्ट्रॉनिक सामान जलकर राख हो गया। बाद में गई सूचना मिलने के करीब 2 घंटे बाद दमकल आई तथा डेढ़ घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया।

दमकल देरी आने से नाराज दुकानदारो ने दमकल प्रबंधन पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाया है। वहां मौजूद दुकानदारो ने कहा कि समय पर दमकल आ जाती तो इतना ज्यादा नुकसान नहीं होता, दमकल घटना स्थल तो करीब दो घंटे देरी से पहुंची, लेकिन गनीमत यह रही कि आसपास आग जो फैली, उससे कोई जानलेवा हादसा नही हुआ।

प्राप्जत जानकारी के अनुसार जिस दुकान में आग लगी वह सुभाष बाजार में स्थित इलेक्ट्रॉनिक का गोदाम बताया गया है। जिसमें इलेक्ट्रिक सामानों की बिक्री का सीजन होने उसके फुल सामान रखे हुए था, सोमवार मध्यरात्रि के बाद अज्ञात कारणो के उसमें आग लग गई।

जब करीब साढ़े तीन बजे गोदाम में से धुआं उठता नजर आया, तो इसकी जानकारी पड़ोसियों को लगी तो उन्होंने दुकानदार को सूचना दी तथा दमकल विभाग को भी इसकी सूचना कंट्रोल रूम को दी, फिर भी दमकल दो घंटे बाद साढ़े पांच बजे पहुंची और आग पर काबू पाने का प्रयास किया।

इस दौरान धुआं और आग की लपटें इतनी तेज थी कि आग पर काबू नहीं पाया गया। फिर एक एक करके तीन दमकल पहुंची और करीब डेढ़ घंटे की मशक्कत पर मंगलवार सुबह आग पर काबू पाया गया, लेकिन तब तक 50 लाख से ज्यादा का नुकसान हो गया, पूरा इलेक्ट्रॉनिक सामान जल गया।

दमकल ने डेढ़ घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया ।

- 50 लाख रुपए से ज्यादा का इलेक्ट्रॉनिक सामान जलकर राख हो गया, बाद में गई सूचना मिलने के करीब 2 घंटे बाद दमकल आई तथा डेढ़ घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया

'गर्मी में बिजली-पानी व स्वास्थ्य सेवाएं रहें सुचारु'

दौसा । जिला प्रभारी सचिव पीसी किशन ने मंगलवार को जिला कलक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक लेकर गर्मी के मौसम में बिजली, पेयजल एवं स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति तथा एलपीजी गैस वितरण व्यवस्था के साथ विभिन्न फ्लैगशिप योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी विभाग समन्वय के साथ प्रोएक्टिव तरीके से कार्य करें, ताकि आमजन को किसी प्रकार की परेशानी न हो और पात्र व्यक्तियों तक योजनाओं का अधिकतम लाभ पहुंच सके। गर्मी के मद्देनजर प्रभारी सचिव ने बिजली आपूर्ति की समीक्षा करते हुए निर्बाध विद्युत सप्लाई सुनिश्चित करने, फॉल्ट की स्थिति में त्वरित मरम्मत करने तथा ट्रांसफार्मर आदि आवश्यक संसाधनों की पर्याप्त उपलब्धता बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने पेयजल व्यवस्था की समीक्षा में कहा कि शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में जल आपूर्ति नियमित एवं समयबद्ध रहे, टैंकर व्यवस्था की पूर्व तैयारी रखी जाए तथा किसी भी क्षेत्र में जल संकट की स्थिति उत्पन्न न होने दी जाए।

सार-समाचार

कलश यात्रा निकाली

राजगढ़। उपखंड क्षेत्र के टहला के रुपबास गांव में प्राचीन शिव मंदिर पुनर्निर्माण एवं ठाकुरजी की मूर्ति स्थापना को लेकर मंगलवार को श्रद्धा एवं भक्ति के साथ कलश यात्रा निकाली। कलश यात्रा में महिलाओं की भारी उपस्थित जन आकर्षण का केंद्र रही।जीतराम सैनी, एवं अन्य श्रद्धालुओं ने बताया कि कलश यात्रा समूचे गांव में निकाली गई। इसमें भजनों की प्रस्तुति पर महिलाओं ने रोचक नृत्य कर आयोजन को सफल बनाया। मन्दिर पुनर्निर्माण गांव के लोगों एवं दानदाताओं के विशेष सहयोग से किया जा रहा है।गुरुवार 23 अप्रैल को प्रात: ठाकुरजी की मूर्ति स्थापना के बाद दोपहर में विशाल भंडारा व प्रसादी वितरण की जाएगी।कलशयात्रा के दौरान मन्दिर के पुजारी गिर्राजप्रसाद शर्मा, किशन लाल सैनी, दयानंद शर्मा टहला, सूरजमल, प्रभाती लाल, रामजीलाल, बाबूलाल मीणा, शिम्भू दयाल मीणा, सहित सैकड़ो लोग मौजूद रहें।

गौ कृपा कथा महोत्सव के तहत कलश यात्रा 24 को

सांभरझील। निर्भय आश्रम वात्सल्य आश्रम की कथा वाचक ब्रह्मवादिनी कंचन दीदी 24 अप्रैल को गौ सम्मान आव्हान अभियान के उपलक्ष्य में यहां गट्टानी गार्डन में गौ माता की कथा का गुणगान करेगी। आने वाले को भक्तों को इससे संबंधित कथा का रसपान करने का सौभाग्य मिलेगा। दिव्य गौ कृपा कथा महोत्सव के तहत 24 अप्रैल को महिलाओं की विशाल कलश यात्रा निकलेगी। नटवर जी का मंदिर कटला बाजार से महिलाएं सर पर कलश धारण कर विधिवत पूजा अर्चना के बाद यहां से कथा स्थल के लिए रवाना होगी। कथा वाचन के दौरान गौ माता से जुड़े अनेक सुरीले भजनों की प्रस्तुति संत प्रकाश दास जी महाराज अपने चित्र परिचित अंदाज में देंगे, जिन्हें श्रवण के लिए हजारों गौभक्त अभी से लालायित हैं। इसी क्रम में सांभर के गो भक्तों की तरफ से उपखंड अधिकारी ऋषिराज कपिल को भी आयोजन का हिस्सा बने हेतु आमंत्रित किया है। गौ सम्मान आव्हान अभियान में अधिक से अधिक श्रद्धालुओं को आमंत्रित करने हेतु सांभर फुलेरा के गो भक्तों की टीमों की और से इसकी तैयारी कई दिनों पहले ही शुरू कर दी गई है।

परशुराम सर्किल पर दीप जलाकर विप्रजनों का आभार जताया

फुलेरा। राजस्थान विप्र महासभा शाखा फुलेरा के तत्वावधान में भगवान परशुराम के सफल जन्मोत्सव कार्यक्रम को लेकर पुराना फुलेरा चौराहे स्थित परशुराम सर्किल पर श्रद्धा एवं उल्लास के साथ दीप प्रज्ज्वलित कार्यक्रम शाखा अध्यक्ष राजू दाधीच की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित पदाधिकारियों ने भगवान परशुराम के जीवन, कृतित्व एवं आदर्शों पर प्रकाश डालते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का आ ान किया। साथ ही भगवान परशुराम जी के जयकारों से वातावरण भक्तिमय हो उठा। इस अवसर पर महासभा के अध्यक्ष राजू दाधीच, उपाध्यक्ष धनराज शर्मा, मनीष शर्मा, महामंत्री शैलेन्द्र शर्मा सहित सुरेशचंद सारस्वत, कमलेश शर्मा, सुरेशचंद लाटा, तनिष्क गौड़ व अनेक विप्र बंधु उपस्थित रहे। अंत में भगवान परशुराम जन्मोत्सव कार्यक्रम के सफल आयोजन पर सभी का आभार व्यक्त किया।

फुलेरा में गूंजा अद्वैत का संदेश

फुलेरा। फुलेरा के भादरपुरा रोड स्थित श्री अद्वैत वेदांत आश्रम में आदि गुरु शंकराचार्य की जयंती श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का आयोजन आश्रम संरक्षक श्रीनारायण सैनी की अध्यक्षता में हुआ। इस अवसर पर आयोजित वेदांत सत्संग में आश्रम के महंत सत्यनारायण सैनी ने शंकराचार्य के जीवन, कार्य और दर्शन पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि शंकराचार्य भारतीय सनातन परंपरा के महान दार्शनिक, आध्यात्मिक गुरु और अद्वैत वेदांत के प्रमुख प्रवर्तक थे। अल्पायु में ही उन्होंने संपूर्ण भारत का भ्रमण कर वेदों और उपनिषदों के ज्ञान का व्यापक प्रचार-प्रसार किया तथा समाज में व्याप्त कुरीतियों का खंडन किया। महंत सैनी ने कहा कि शंकराचार्य द्वारा स्थापित चार प्रमुख मठों ने सनातन धर्म की एकता और सुदृढ़ता को नई दिशा दी। उनका संदेश-ब्रह्म सत्य है, जगत मिथ्या है आज भी मानव जीवन को सत्य, ज्ञान और आत्मबोध की ओर प्रेरित करता है। कार्यक्रम के दौरान आश्रम के कोषाध्यक्ष द्वारा आय-व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया गया और सहयोगी सेवादारों का सम्मान किया गया। इस मौके पर गणेश खडोलिया, तेजकरण सैनी, रामजीलाल तुंदवाल, पंडित नरनारायण माटोलिया, गोपाल शर्मा, रामेश्वरलाल, प्रेम यादव, मोहनलाल, दिलीप कुमार सहित अनेक प्रबुद्धजन उपस्थित रहे। आयोजन के अंत में सभी उपस्थितजनों ने आध्यात्मिक मूल्यों के प्रसार और समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने का संकल्प लिया।

कालिका पेट्रोलिंग यूनिट ने महिलाओं को जागरूक किया

दौसा । जिला एवं सैशन न्यायालय परिसर में मंगलवार को एक विशाल निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। जिला एवं सैशन न्यायाधीश केशव कौशिक ने सरस्वती माता की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर शिविर का विधिवत शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने स्वास्थ्य के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि व्यस्त न्यायिक कार्यों के बीच स्वास्थ्य की देखभाल सर्वोपरि है और न्यायालय परिसर में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खुलवाने के प्रयास भी जारी हैं। विशेषज्ञों ने दी सेवाएं, बांटी गईं निशुल्क दवाइयां:-शिविर में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने अपनी सेवाएं दीं, जिनमें प्रमुख रूप से : डॉ. ज्योति मीणा (फिजिशियन): सामान्य रोगों की जांच। डॉ. प्रशांत पाराशर (शिशु रोग विशेषज्ञ): बच्चों के स्वास्थ्य की जांच। डॉ. रजनीश शर्मा: चिकित्सकीय परामर्श। डॉ. नंदनी मीणा (दंत रोग विशेषज्ञ): दांतों की जांच। शिविर के दौरान ब्लड प्रेशर, ब्लड शुगर और दांतों की जांच के साथ-साथ निशुल्क दवाइयां भी वितरित की गईं। जिला अभिभाषक संघ के अध्यक्ष कुंज बिहारी शर्मा ने बताया कि मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सीताराम मीणा के अनुरोध पर यह पहल की गई, जिससे अधिवक्ताओं, पक्षकारों और कर्मचारियों को काफी राहत मिली।